कुल प्रश्नों की संख्या : 26
Total No. of Questions: 26

कुल पृष्ठों की संख्या : 08
Total No. of Pages: 08

हाई स्कूल परीक्षा, दिसम्बर–2021

214

विषय : अर्थशास्त्र

Subject: ECONOMICS

(Hindi & English Versions)

समय : 03 घण्टे
Time : 03 Hours

पूर्णांक : 100
Maximum Marks:100

निर्देश :–

(1) सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने अंकित हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये 5 अंक निर्धारित हैं।

(4) प्रश्न क्रमांक 6 से 26 तक आंतरिक विकल्प हैं।

(5) प्रश्न क्रमांक 6 से 11 तक के लिये 2 अंक हैं।

(6) प्रश्न क्रमांक 12 से 16 तक के लिये 3 अंक हैं।

(7) प्रश्न क्रमांक 17 से 20 तक के लिये 4 अंक हैं।

(8) प्रश्न क्रमांक 21 से 24 तक के लिये 5 अंक हैं।

(9) प्रश्न क्रमांक 25 एवं 26 के लिये 6 अंक हैं।

Instructions :-

(1) All the questions are compulsory.

(2) Marks has been given in front of the questions.

(3) Question No. 1 to 5 are objective type questions. Each carries 5 marks.

(4) Question No. 6 to 26 are having internal options.

(5) Question No. 6 to 11 carries 2 marks each.

(6) Question No. 12 to 16 carries 3 marks each.

(7) Question No. 17 to 20 carries 4 marks each.

(8) Question No. 21 to 24 carries 5 marks each.

(9) Question No. 25 and 26 carries 6 marks each.

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.1 खाली स्थान भरो – (5×1=5)

(अ) मुंबई में एक व्यस्त डॉक्टर के लिए कार.....है।

(ब) मानवीय आवश्यकताएँ.....हैं।

(स) जनसंख्या के आधार पर भारत विश्व का.....सबसे बड़ा देश है।

(द) सेवाएँ.....होती हैं, इन्हें देखा या छुआ नहीं जा सकता।

(इ) संसाधनों का संरक्षण करने के लिए हमें अपनी आवश्यकताओं को .....करना चाहिए।

Fill in the blanks -

(a) A car for a busy doctor in Mumbai is.....

(b) Human wants are.....

(c) On the basis of population India is.....largest in the World.

(d) Services are....., they can neither be seen nor be touched.

(e) To save resources, we must.....our needs.

प्र.2 सत्य/असत्य लिखो – (5×1=5)

(अ) उत्पादक अपने उत्पादन के बाज़ार को प्रोत्साहित करने के लिए विज्ञापनों का सहारा लेते हैं।

(ब) लघु उद्योग श्रम प्रधान होते हैं।

(स) आजकल मुद्रा विनिमय का साधन है।

(द) टेलीफोन, डाक, इंटरनेट आदि संचार के उदाहरण हैं।

(इ) पूँजी के स्वामी को मिली आय, मजदूरी कहलाती है।

Write True/False -

(a) Advertising is used by producers to promote their products.

(b) Small scale industries are labour intensive industries.

(c) These days money is the medium of exchange.

(d) Telephone, postal services and internet are the example of communication.

(e) The income received by the owner of capital is called wage.

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.3 सही जोड़ी बनाइए – (5×1=5)

(क)		(ख)	
(अ)	विकसित देश	(i)	ताजी हवा
(ब)	जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण	(ii)	प्रकृति का उपहार
(स)	बेरोजगारी का प्रकार	(iii)	भारत
(द)	भूमि की विशेषता	(iv)	जापान
(इ)	विकासशील देश	(v)	खुली बेरोजगारी

Match the columns -

(A)		(B)	
(a)	Developed country	(i)	Fresh air
(b)	Important for life	(ii)	Gift of nature
(c)	Type of unemployment	(iii)	India
(d)	Characteristic of land	(iv)	Japan
(e)	Developing country	(v)	Open unemployment

प्र.4 सही विकल्प चुनकर लिखिए – (5×1=5)

(अ) विक्रेता कितने प्रकार के होते हैं –

(i) 2 (ii) 3
(iii) 4 (iv) 5

(ब) बीमे का महत्त्व है –

(i) व्यक्तियों एवं व्यवसाय के लिए (ii) पूरे देश के लिए
(iii) सुरक्षा के लिए (iv) उपरोक्त सभी

(स) समर्थन कीमत कौन निश्चित करता है?

(i) उपभोक्ता (ii) किसान
(iii) थोक व्यापारी (iv) सरकार

(द) जब बाजार का क्षेत्र देश की भौगोलिक सीमा के बाहर भी होता है, तो इसे कहते है –

(i) क्षेत्रीय बाजार (ii) स्थानीय बाजार
(iii) राष्ट्रीय बाजार (iv) अंतर्राष्ट्रीय बाजार

(इ) किसान विकास पत्र योजना कब प्रारंभ की गई?

(i) अप्रैल 1988 (ii) अप्रैल 1989
(iii) अप्रैल 1990 (iv) अप्रैल 1991

schools.aglasem.com
aglasem.com

Choose the correct options -

(a) How many types of sellers are there?

(i) 2 (ii) 3

(iii) 4 (iv) 5

(b) Importance of Insurance is -

(i) for the individual and business

(ii) for the country as a whole

(iii) for security

(iv) All of the above

(c) Support prices are fixed by the -

(i) Farmers (ii) Consumers

(iii) The Government (iv) Wholesaler

(d) When the market area of a good or a service is extended beyond the frontiers of a country, it is called as -

(i) Local Market (ii) Regional Market

(iii) National Market (iv) International Market

(e) When was the Kisan Vikas Patra Scheme started?

(i) April 1988 (ii) April 1989

(iii) April 1990 (iv) April 1991

प्र.5 एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए – **(5×1=5)**

(अ) अर्थव्यवस्था क्या है?

(ब) लाभ कौन कमाता है?

(स) गैट समझौते पर हस्ताक्षर कब हुए?

(द) बचत बैंक खाते का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(इ) प्रति व्यक्ति आय का सूत्र लिखिए।

Answer in one word/sentence -

(a) What is economy?

(b) Who earns profit?

(c) When was the GATT agreement signed?

(d) What is the main purpose of Saving Bank account?

(e) Write the formula of Per Capita Income.

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.6 थोक विक्रेता के प्रकार बताइए। (2)

Explain the types of Wholesaler.

अथवा / OR

विक्रेता का अर्थ लिखिए।

Write the meaning of Seller.

प्र.7 किन्हीं दो सुविधाकारी एवं विलासिता सूचक वस्तुओं के उदाहरण लिखिए। (2)

Write any two examples of comfort and luxury goods.

अथवा / OR

मूल आवश्यकताओं के नाम लिखिए।

Write the names of basic wants.

प्र.8 उत्पादन का अर्थ क्या है? (2)

What is the meaning of Production?

अथवा / OR

बड़े पैमाने के उद्योग को समझाइए।

Explain the Large Scale Industries.

प्र.9 समाजवादी अर्थव्यवस्था की दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

Write any two characteristics of socialistic economy.

अथवा / OR

पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की दो विशेषताएँ लिखिए।

Write any two characteristics of capitalist economy.

प्र.10 पुनर्चक्रीकरण को समझाइए। (2)

Explain Recycling.

अथवा / OR

जलप्रदूषण को समझाइए।

Explain Water Pollution.

प्र.11 साक्षरता का अर्थ लिखिए। (2)

Write the meaning of Literacy.

अथवा / OR

प्रति व्यक्ति आय को समझाइए।

Explain Per Capita Income.

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.12 परिवहन व्यवस्था के रूप लिखिए। (3)

Write the types of Transport system.

अथवा / OR

वितरण प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों के नाम लिखिए।

Write the names of any three factors affecting distribution process.

प्र.13 निजी और सार्वजनिक वस्तुओं को समझाइए। (3)

Explain Private and Public goods.

अथवा / OR

एकल उपयोगी और दीर्घोपयोगी वस्तुओं को समझाइए।

Explain single use and durable use goods.

प्र.14 किन्हीं तीन बीमा पॉलिसी के नाम लिखिए। (3)

Write the names of any three insurance policies.

अथवा / OR

बीमा से क्या आशय है?

What is meant by Insurance?

प्र.15 विकासशील देश की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए। (3)

Write any three features of developing countries.

अथवा / OR

विकसित देश के कोई तीन लक्षण लिखिए।

Write any three features of developed countries.

प्र.16 सहकारी उद्यमों की विशेषताएँ लिखिए। (3)

Write the features of Co-operative undertakings.

अथवा / OR

भारतीय अर्थव्यवस्था की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।

Write any three characteristics of Indian Economy.

प्र.17 लघु उद्योगों के महत्त्व को समझाइए। (4)

Explain the importance of Small Scale Industries.

अथवा / OR

उत्पादन के विभिन्न पैमानों को समझाइए।

Explain the different scales of production unit.

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.18 जल प्रदूषण के स्त्रोत बताइए। (4)

Explain the sources of Water Pollution.

अथवा / OR

वायु प्रदूषण के स्त्रोत बताइए।

Explain the sources of Air Pollution.

प्र.19 आवश्यकताओं के प्रकार समझाइए। (4)

Explain types of wants.

अथवा / OR

आवश्यकताओं की चार विशेषताएँ लिखिए।

Write the four characteristics of wants.

प्र.20 स्थानीय एवं क्षेत्रीय बाजार को समझाइए। (4)

Explain Local market and Regional market.

अथवा / OR

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार को समझाइए।

Explain National and International market.

प्र.21 विकास के स्तर के आधार पर अर्थव्यवस्था को समझाइए। (5)

Explain the economy on the basis of level of development.

अथवा / OR

मिश्रित अर्थव्यवस्था का अर्थ व विशेषताएँ लिखिए।

Write the meaning and characteristics of Mixed Economy.

प्र.22 जंगलों के पतन का अभिप्राय व इसके प्रभाव समझाइए। (5)

Explain the meaning and effects of degradation of forests.

अथवा / OR

ध्वनि प्रदूषण का अर्थ एवं इसके मुख्य स्त्रोत समझाइए।

Explain the meaning and main sources of Noise-Pollution.

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र.23 पूँजी की विशेषताएँ लिखिए। (5)

Write the characteristics of Capital.

अथवा / OR

श्रम की विशेषताएँ लिखिए।

Write the characteristics of Labour.

प्र.24 मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण के उपाय बताइए। (5)

Explain the measures to check Inflation.

अथवा / OR

भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों को समझाइए।

Explain the sectors of the Indian Economy.

प्र.25 विकास को प्रभावित करने वाले कारक बताइए। (6)

Explain the factors affecting Development.

अथवा / OR

विकसित एवं विकासशील देशों के नाम लिखिए।

Write the names of developed and developing countries.

प्र.26 वस्तुओं और सेवाओं के वर्गीकरण को समझाइए। (6)

Explain the classification of Goods and Services.

अथवा / OR

वस्तुओं और सेवाओं में भेद समझाइए।

Explain the distribution between Goods and Services.

---

schools.aglasem.com

aglasem.com

कुल पृष्ठों की संख्या : 08

हाई स्कूल परीक्षा, दिसम्बर–2021

आदर्श उत्तर

214

विषय : अर्थशास्त्र

Subject: ECONOMICS

उ.1 खाली स्थान भरो – **(5×1=5)**

(अ) अनिवार्यता

(ब) अनंत है

(स) दूसरा

(द) अदृश्य

(इ) सीमित

उ.2 सत्य/असत्य लिखिए – **(5×1=5)**

(अ) सत्य

(ब) सत्य

(स) सत्य

(द) सत्य

(इ) असत्य

उ.3 सही जोड़ी बनाइए – **(5×1=5)**

(अ) (iv)

(ब) (i)

(स) (v)

(द) (ii)

(इ) (iii)

उ.4 सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(5×1=5)**

(अ) 2

(ब) उपरोक्त सभी

(स) सरकार

(द) अंतर्राष्ट्रीय बाजार

(इ) अप्रैल 1988

schools.aglasem.com

aglasem.com

उ.5 एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर – (5×1=5)

(अ) अर्थव्यवस्था वह पद्धति है, जिसके अनुसार कोई समाज अपनी आजीविका कमाता है।

(ब) उद्यमी

(स) 1947

(द) बचत बैंक खाते का मुख्य उद्देश्य लोगों को बचत की आदत सिखाना है।

(इ) प्रति व्यक्ति आय = $\frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{जनसंख्या}}$

उ.6 थोक विक्रेता के प्रकार – (2×1=2)

(i) उत्पादक थोक विक्रेता (ii) मध्यवर्ती थोक विक्रेता

अथवा

उ.6 विक्रेता व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह या संस्था होती है, जो किसी कीमत पर वस्तुएँ एवं सेवाएँ उपलब्ध कराती है।

उ.7 दो सुविधाकारी एवं विलासिता सूचक वस्तुओं के नाम – (2)

गीजर एवं टेलीविजन

अथवा

उ.7 मूल आवश्यकताओं के नाम – भोजन, वस्त्र और आवास।

उ.8 उत्पादन का अर्थ है– किसी वस्तु को बनाने की प्रक्रिया में उसमें उपयोगिता उत्पन्न करना। (2)

अथवा

उ.8 बड़े पैमाने के उद्योग से हमारा तात्पर्य उन उद्योगों से है, जिनमें अचल पूँजी निवेश बड़े पैमाने पर किया जाता है।

उ.9 समाजवादी अर्थव्यवस्था की विशेषताएँ – (2)

(i) केन्द्रीय नियोजन (ii) विषमताओं की कमी

अथवा

उ.9 पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की विशेषताएँ –

(i) निजी संपत्ति (ii) उद्यम की स्वतंत्रता

उ.10 पुनर्चक्रीकरण – (2)

पुर्चक्रीकरण एक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा उपयोग किए जा चुके एक संसाधन का अनेक बार उपयोग किया जा सकता है। उदाहरण – समाचार पत्रों तथा कार्ड बोर्ड उद्योग में प्रयोग होने वाला कागज पुनर्चक्रीकृत कागज है।

schools.aglasem.com aglasem.com

अथवा

उ.10 जल प्रदूषण –

जल प्रदूषण का अर्थ पानी में ऐसे द्रव्यों का जमा होना है, जिससे उसके भौतिक तथा रासायनिक लक्षणों मे परिवर्तन हो और पानी पीने लायक न रहे।

उ.11 साक्षरता – (2)

एक व्यक्ति, जो किसी भी भाषा में पढ़ या लिख सकता है, साक्षर कहलाता है।

अथवा

उ.11 प्रति व्यक्ति आय का अर्थ –

प्रति व्यक्ति आय का अनुमान देश की राष्ट्रीय आय को कुल जनसंख्या से भाग देकर लगाया जाता है।

उ.12 परिवहन व्यवस्था के रूप – (3×1=3)

(i) भूतल परिवहन (ii) जल परिवहन (iii) वायु परिवहन

अथवा

उ.12 वितरण की प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले कारक –

(i) क्रय शक्ति (ii) बाजार की संरचना (iii) भंडार और उसका प्रबंधन

उ.13 निजी और सार्वजनिक वस्तुएँ – (3)

जिनका स्वामित्व निजी हो एवं जिन्हें उनके स्वामी ही स्वयं प्रयोग करते हों, उन्हें हम निजी वस्तुएँ कहते हैं। जैसे घड़ी, पेन

अथवा

उ.13 एकल उपयोगी और दीर्घोपयोगी वस्तुएँ –

एकल उपयोगी वस्तुएँ वे हैं, जिनका हम एक ही बार उपयोग कर सकते हैं। जैसे कोयला, बीज आदि।

उ.14 तीन बीमा पॉलिसी के नाम – (3×1=3)

(i) चिकित्सा बीमा योजना

(ii) व्यावसायिक प्रतिरक्षा बीमा

(iii) व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा – सामाजिक सुरक्षा योजना

अथवा

उ.14 बीमा से आशय –

बीमा को हम प्राकृतिक या मानवीय कारकों से संभावित हानि की भरपाई करने के माध्यम के रूप में परिभाषित कर सकते हैं।

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.15 विकासशील देश की विशेषताएँ – (3×1=3)

(i) इन देशों में अधिकांश लोगों की आय बहुत कम होती है।

(ii) उपभोग और जीवन स्तर बहुत निम्न होता है।

(iii) कृषि प्रमुख रोजगार है, ज्यादातर श्रम शक्ति इसमें लगी होती है।

अथवा

उ.15 विकसित देश की विशेषताएँ –

(i) लोगों की आय अधिक होती है।

(ii) नागरिक उपभोग और जीवन यापन के उच्च स्तरों का आनंद लेते हैं।

(iii) नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रयोग होता है।

उ.16 सहकारी उद्योगों की विशेषताएँ – (3×1=3)

(i) स्वैच्छिक संगठन

(ii) खुली सदस्यता

(iii) लोकतांत्रिक रचना और मताधिकार की समता।

अथवा

उ.16 भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताएँ –

(i) कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था

(ii) जनसंख्या का दबाव

(iii) प्रौद्योगिकी का निम्न स्तर

उ.17 लघु उद्योगों का महत्त्व – (4)

(i) रोजगार का साधन

(ii) निर्यात में योगदान

(iii) आयात पर कम निर्भरता

(iv) देश की आर्थिक संरचना के लिए विशेष उपयोगी।

अथवा

उ.17 उत्पादन के विभिन्न पैमाने –

(i) बड़े पैमाने के उद्योग

(ii) लघु उद्योग

(iii) सहायक उद्योग

(iv) अति लघु उद्योग

(v) कुटीर उद्योग

schools.aglasem.com

aglasem.com

उ.18 जल प्रदूषण के स्त्रोत – (4)

(i) गंदे नाले एवं कचरा

(ii) कृषि निस्सारण

(iii) गर्म तथा रेडियोधर्मी कचरा

अथवा

उ.18 वायु प्रदूषण के स्त्रोत –

(i) मोटर–गाड़ियों की निकास गैस

(ii) औद्योगिक भट्टियाँ तथा चिमनी

(iii) रासायनिक तथा अन्य औद्योगिक कचरा

(iv) औद्योगिक धूल

(v) तम्बाकू, सिगरेट

उ.19 आवश्यकताओं के प्रकार – (4)

(i) आर्थिक एवं गैर आर्थिक आवश्यकताएँ

(ii) व्यक्तिगत और सामूहिक आवश्यकताएँ

(iii) अनिवार्य, सुविधाएँ और विलासिता की आवश्यकताएँ

अथवा

उ.19 आवश्यकताओं की विशेषताएँ –

(i) आवश्यकताएँ असीमित होती हैं।

(ii) एक आवश्यकता की संतुष्टि संभव है।

(iii) कुछ आवश्यकताएँ बार–बार अनुभव होती हैं।

(iv) आवश्यकताओं की विविधतापूर्ण प्रकृति।

उ.20 स्थानीय बाजार – (4)

जब बाजार का क्षेत्र एक स्थान गाँव या शहर होता है, तो इसे स्थानीय बाजार कहते हैं।

क्षेत्रीय बाजार –

जब क्रेता और विक्रेता ऐसे बाजार क्षेत्र में क्रियाशील होते हैं, जिसके अंतर्गत बहुत से गाँव कई राज्य आदि आते हैं, तो उसे क्षेत्रीय बाजार कहते हैं।

अथवा

उ.20 राष्ट्रीय बाजार – जब किसी वस्तु का क्रय–विक्रय पूरे देश में किया जाता है, तो इसे राष्ट्रीय बाजार कहते हैं। इस बाजार में वस्तुएँ सामान्यतः थोक में बेची जाती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार – जब बाजार का क्षेत्र देश की भौगोलिक सीमा के बाहर होता है, तो इसे अंतर्राष्ट्रीय बाजार कहते हैं। इन बाजारों को आम तौर पर निर्यात बाजार और आयात बाजार कहते हैं।

schools.aglasem.com

aglasem.com

उ.21 विकास के स्तर के आधार पर अर्थव्यवस्था – (5)

(i) विकसित अर्थव्यवस्था – विकसित देशों में राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय के स्तर उच्च होते हैं। इनकी मानवीय पूँजी अधिक शिक्षित होती है। यहाँ जन सुविधाओं, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता बेहतर होती है। और मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर निम्न होती है।

(ii) विकासशील अर्थव्यवस्था – विकासशील देश विकास की सीढ़ी पर काफी नीचे होते हैं। उन्हें कई बार अल्पविकसित, पिछड़े या गरीब देश भी कह दिया जाता है। इन देशों में राष्ट्रीय और प्रति व्यक्ति आय कम होती है। इनके कृषि और उद्योग पिछड़े होते हैं।

अथवा

उ.21 मिश्रित अर्थव्यवस्था –

अर्थ – मिश्रित अर्थव्यवस्था में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों का सहअस्तित्व होता है।

विशेषताएँ –

(i) सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों का सहअस्तित्व

(ii) वैयक्तिक स्वतंत्रता

(iii) आर्थिक नियोजन

(iv) कीमत प्रणाली

उ.22 जंगलों का पतन – (5)

विभिन्न मानव क्रियाओं ने वन नाश तथा वनों का पतन कराया है। वन नाश का अर्थ जंगलों की कटाई है। जब घने जंगल को साफ करके बिना पेड़ों के आच्छादित भूमि में बदल दिया जाता है, तो उस प्रक्रिया को वन नाश कहते हैं।

जंगलों के पतन के प्रभाव –

(i) भूमि का क्षरण

(ii) भूमि में आर्द्रता का नाश

(iii) भूमंडलीय उष्णता

(iv) जैविक विविधता का नाश

अथवा

उ.22 ध्वनि प्रदूषण – शोर वह अनचाही अथवा अप्रिय आवाज होती है, जिससे हमें असुविधा होती है। संगीत को ऊँचे स्वर में बजाना भी ध्वनि प्रदूषण है। ध्वनि प्रदूषण के स्त्रोत –

(i) मोटर गाड़ी यातायात

(ii) उद्योग

(iii) निर्माण कार्य

(iv) बिजली व अन्य उपकरण

schools.aglasem.com
aglasem.com

उ.23 पूँजी की विशेषताएँ – (5)

(i) मनुष्य द्वारा बनाई गई वस्तु

(ii) कार्यकुशलता अर्थात् उत्पादन में वृद्धि करती है।

(iii) गतिशील साधन

(iv) पूर्ति बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

(v) निष्क्रिय और नश्वर साधन

अथवा

उ.23 श्रम की विशेषताएँ –

(i) श्रमिक से अलग नहीं किया जा सकता

(ii) गतिशील

(iii) नश्वर

(iv) सक्रिय

(v) श्रमिक अपनी सेवाएँ बेचता है।

उ.24 मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण के उपाय – (5)

(i) मौद्रिक उपाय

(ii) राजकोषीय उपाय

(iii) सार्वजनिक वितरण व्यवस्था

(iv) प्रशासकीय स्तर पर कीमत निर्धारण

अथवा

उ.24 भारतीय अर्थव्यवस्था के घटक क्षेत्र –

(i) प्राथमिक क्षेत्र – कृषि, मत्स्य पालन, खनन

(ii) द्वितीयक क्षेत्र – निर्माण, विनिर्माण आदि

(iii) तृतीयक क्षेत्र – परिवहन, संचार, वाणिज्य आदि

उ.25 विकास को प्रभावित करने वाले कारक – (6)

(i) प्राकृतिक कारक

(ii) ऐतिहासिक कारक

(iii) जनांकिकीय कारक

(iv) आर्थिक कारक

schools.aglasem.com

aglasem.com

अथवा

उ.25 विकसित एवं विकासशील देशों के नाम

	विकसित देश		विकासशील देश
(i)	जापान	(i)	भारत
(ii)	संयुक्त राज्य अमेरिका	(ii)	पाकिस्तान
(iii)	कनाडा	(iii)	बांग्लादेश
(iv)	ऑस्ट्रेलिया	(iv)	श्रीलंका
(v)	इंग्लैण्ड	(v)	नेपाल

उ.26 वस्तुओं और सेवाओं का वर्गीकरण – **(6)**

(i) निःशुल्क वस्तुएँ और आर्थिक वस्तुएँ

(ii) निःशुल्क सेवाएँ और आर्थिक सेवाएँ

(iii) उत्पादन वस्तुएँ और उपभोक्ता वस्तुएँ

(iv) उत्पादन सेवाएँ और उपभोक्ता सेवाएँ

(v) एकल उपयोगी वस्तुएँ तथा दीर्घोपयोगी वस्तुएँ

(vi) निजी वस्तुएँ तथा सार्वजनिक वस्तुएँ

अथवा

उ.26 वस्तुओं और सेवाओं में भेद –

वस्तुएँ –

(i) ये दृश्य होती हैं, इन्हें देखा जा सकता है।

(ii) इनके उत्पादन और उपभोग में कुछ समय का अंतर होता है।

(iii) इन्हें संभालकर रखा जा सकता है।

(iv) इन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पहुँचाया जा सकता है।

सेवाएँ –

(i) सेवाएँ अदृश्य होती हैं।

(ii) इनके उत्पादन और उपभोग में समय का अंतर नहीं होता।

(iii) सेवाओं का भंडारण संभव नहीं होता।

(iv) सेवाओं का हस्तांतरण भी नहीं होता।

---

schools.aglasem.com
aglasem.com